निवेशकों की जमीन संबंधी दिक्कतों का हल निकलेगा

लखनऊ। जमीन मिलने के बाद भी कई जरूरी औपचारिकताओं के लिए निवेशकों को अब इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। चाहे एनओसी मिलने का मामला हो या नक्शा पास कराने में आ रही दिक्कतें। मुख्यमंत्री के निर्देश पर औद्योगिक विकास विभाग इनका जल्द समाधान निकालेगा। मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर व हापुड़ समेत कई जिलों में उद्यमियों को भू उपयोग परिवर्तन, एनओसी व मानचित्र पास न होने जैसी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

विभागों से जुड़ी विधिक विसंगितयों को दूर कर इनका समाधान कराने को मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने छह जुलाई को अहम बैठक बुलाई है। इसमें मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी व केवी राजू , विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर व हापुड़ के डीएम , नोएडा, यूपीसीडा व ग्रेटर नोएडा के सीईओ शामिल होंगे।